# केन्द्रीय उत्पाद शुल्क निरीक्षकों की विभागीय परीक्षा

## प्रश्न पत्र – पंचम (हिन्दी)

दिनांकः18.06.2015 पूर्णांक : 75
समयः10.00 पू0 से 12.00 दोपहर उत्तीर्णांक : 37

**प्रश्न–1 (अ): अधोलिखित पैरा का हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए।**

घूमना सर्वश्रेष्ठ व्यायाम है। यह एक प्राकृतिक शक्तिवर्धक औषधि है। यह वृद्वों तथा युवाओं सभी के लिये समान रूप से श्रेष्ठ है। यह शरीर को स्वस्थ एवं मजबूत रखता है। एक कहावत है – स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क होता है। यह हमारे मस्तिष्क को स्वस्थ रखता है और हमें चुस्त रखता है। जल्दी उठना अच्छी आदत है।

प्रकृति पूर्ण शांत एवं सुन्दर होती है। प्रातःकालीन भ्रमण से हम प्रकृति के निकट सम्पर्क में आ जाते है। हम प्रकृति की सुन्दरता का आनन्द लेते है। वायु शीतल एवं खुशनुमा है। हम देखते है कि पक्षी गा रहे है, पुष्प हंस रहे है और पत्तियॉ नृत्य कर रही है हम आनन्द अनुभव करते है। वहॉ हरे वृक्ष और हरे मैदान है। वे अति सुन्दर दिखाई पड़ते है। वायु ताजी है और प्राकृतिक सुगंध से भपूर है। सब ओर शांति है इससे हमें आनन्द और शान्ति की अनुभूति होती है। हम चिन्ताओं को भूल जाते है। हमारे मस्तिष्क में अच्छे विचार आते है। हम जल्दी में नही है और मंद गति से घूमते है। हम अनुभव करते है कि ईश्वर एक महान कलाकार है हम मुफ्त में ताजा वायु (आक्सीजन) प्राप्त करते है। इससे हमारे फेफड़े तथा हदय मजबूत बनते है और हमारी बीमारी दूर होती है।

थोड़े समय पश्चात पूर्व दिशा में आकाश लाल होने लगता है। यह प्रकट करता है कि सूर्य उदय होने वाला है शनैः–शनैः क्षितिज से झॉकने लगता है। यह बड़ी लाल गेंद के समान दिखाई देता है। उगते हुये सूर्य का अपना ही आकर्षण होता है। संक्षेप मे हम कह सकते है कि प्रातःकालीन भ्रमण एक वरदान है।

**प्रश्न–1 (ब): अधोलिखित पैरा का अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद कीजिए।**

The press is a powerful instrument for moulding public opinion on various issues. We are greatly influenced by the editor's discussions of current problems. Newspapers enable us to form judgements upon situation or events of National and International importance. The Press keeps a vigilant eye on the activities of the Government. Even the powerful leaders treat the press with courts. They consider it desirable to hold periodical conferences in order to explain and clarify their policies and plays. The Press can or makes their reputations by publishing favourable or unfavourable comments on their activities. For this reason most of our ministers try to keep newspaper editors in good humor.

The Press has the power to bring about social reforms. It should bring to light the vicious practice in our social life. It should make the public conscious of social evils and urge the Government to eradicate them. It should voice the genuine grievances of the public and insist upon their redress. It should promote social harmony. It must avoid mischievieous propaganda and destructive criticism. It should expose corruption, nepotism and high handedness. It should tear off the mask from hyprocrisy in order to reveal the truth.

**प्रश्न–2 निम्न गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

हमारे देश भारत की राजधानी दिल्ली है। यह दो भागों में बटी है एक पुरानी दिल्ली तथा दूसरी नई दिल्ली। पुरानी दिल्ली में अनेक दर्शनीय स्थल है, जिनमें लाल किला, जामा मस्जिद, गौरी शंकर मन्दिर, लाल जैन मन्दिर, चॉदनी चौक तथा गुरूद्वारा सीसगंज प्रमुख है। लाल किले को शाहजहॉ ने बनवाया था यहॉ पर प्रतिवर्ष गणतन्त्र दिवस एव स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाता है।

नई दिल्ली में भी अनेक दर्शनीय स्थल है, जिनमें राजघाट, शान्तिवन, विजयघाट, चिड़ियाघर, संसद भवन, बिड़ला मन्दिर, राष्ट्रपति भवन, शक्ति स्थल तथा जन्तर मन्तर आदि प्रमुख है। कुतुबमीनार बहुत ऊँची मीनार के साथ–साथ एक लौह स्तम्भ है। इसे कुतुबुद्दीन ऐबक एवं इल्तुतमिश ने बनवाया था। इसकी प्रमुख विशेषता यह है कि सैकड़ों वर्ष बीतने के बाद भी इस पर धूप, हवा तथा पानी का कोई प्रभाव नही पड़ा।

राष्ट्रपति भवन देश के राष्ट्रपति का निवास है। इसका मुगल उद्यान बहुत सुन्दर है। इन्द्रप्रस्थ स्टेडियम तथा नेहरू स्टेडियम भी दर्शनीय है। इन दर्शनीय स्थानों को देखकर पर्यटक बहुत आनन्दित होते है।

**निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1. गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।
2. भारत की राजधानी दिल्ली मुख्यतः किन भागों में बंटी है।
3. पुरानी दिल्ली में कौन–कौन से दर्शनीय स्थल है।
4. नई दिल्ली में कौन–कौन से दर्शनीय स्थल है।
5. कुतुबमीनार को किसने बनवाया एवं इसकी क्या विशेषताएँ है।

**प्रश्न–3(क): निम्नलिखित वाक्यों को सही करें और यथाआवश्यक पूरा करें।**

1. इस बात को वे नही समझ सकते है न बोल सकते है।
2. दर्शकों में कई वर्ग के लोग था।
3. साहित्य और जीवन का घोर सबंध है।
4. यहाू से वहॉ तक धरातल पूरी तरह समतल है।
5. काल चक्र को पहिये के नीचे सबको पिसना पड़ता है।?

**प्रश्न–3(ख): निम्न का हिन्दी अनुवाद कीजिए।**

1. Search Warrant
2. Issue reminder urgently
3. Verification of antecedents
4. Explanation may be called for
5. Weekly arrears statement

**प्रश्न–4 निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1. राजभाषा नियम 1976 के अन्तर्गत हिन्दी में "प्रवीणता प्राप्त कर्मचारी" को परिभाषित कीजिए।
2. केन्द्रीय सरकार के प्रत्येक कार्यालय में राजभाषा अधिनियिम एवं नियमों के अनुपालन हेतु निर्देश कौन जारी कर सकता है नियम सहित उल्लेख करें।
3. राजभाषा विभाग के कुल कितने क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय बनाए गए है एवं उनके मुख्यालय कहॉ–कहॉ है।
4. हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन कब किया जाता है।
5. हिन्दी में कार्य करने के लिये प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत प्रतिवर्ष एक कार्यालय द्वारा नगद पुरस्कारों की संख्या कितनी होती है।

**प्रश्न–5 निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1. किसी कर्मचारी द्वारा आवेदन, अपील या अभ्यावेदन किस भाषा में प्रस्तुत किया जा सकता है।
2. राजभाषा अधिनियम की धारा–6 को उल्लिखित कीजिए एवं यह किस राज्य में लागू नही होता।
3. राजभाषा अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिये नियम किस धारा के अन्तर्गत बनाया गया।
4. राजभाषा नियम का विस्तार किस राज्य में नही है।
5. राजभाषा को लागू करने के लिये पूरे देश को कितने भागों (क्षेत्रों में) में बॉटा गया है।

*****